बज रही आज बधाई | by Anant Haridasi Didi Meenu Sharma

हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की
हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की

यशोदा जी के आँगन में बज रही आज बधाई
बज रही आज बधाई सखियों बज रही आज बधाई
यशोदा जी के आँगन में ....

गली गली ये बात चली है बोले हर एक बाला
गोरे नन्द यशोदा गोरी कहाँ से आ गयो काला
गोर नन्द यशोदा गोरी बेटा हो गया काला
यशोदा जी के आँगन में ....

ना जाने किसी ऋषि मुनि ने धागा एक लपेटा
नन्द भवन अनहोनी हो गई बेटी से हो गया बेटा
यशोदा जी के आँगन में ....

नन्द भवन अनहोनी हो गई, हो गई बात निराली
रात रात में नन्द बाबा की दाढ़ी हो गई काली
यशोदा जी के आँगन में ....

जनम जनम की आस हुई पूरी, घर में लाला आयो
हीरे मोती माल ख़ज़ाने दोनों हाथ लुटायो
यशोदा जी के आँगन में ....

दाढ़ी वाले बाबा बोले, दाढ़ी वाले शंकर बोले
लाल हमें दिखलावो
ना बाबा तेरो रूप भयंकर अपने घर को जाओ
यशोदा जी के आँगन में ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%9c-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%86%e0%a4%9c-%e0%a4%ac%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%88-by-anant-haridasi-didi-meenu-sharma/